हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 5 अक्टूबर 2026

06 आयुर्वेद में कैंसर पर शोध के लिए फ्रांस जाएंगी...



07 अशोकनगर के मानस भवन में नगरीय क्षेत्र का शिविर आयोजित



राघौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

वर्धमान हॉस्पिटल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में शुक्रवार को वर्धमान हॉस्पिटल का निरीक्षण दल द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान अस्पताल में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं, मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, साफ-सफाई, व्यवस्थाओं तथा आवश्यक पंजी एवं अभिलेखों की बारीकी से जांच की गई। निरीक्षण दल ने अस्पताल प्रबंधन से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मरीजों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने तथा निर्धारित मापदंडों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आमजन के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सामने आई कमियों एवं सुधारात्मक निर्देशों के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण दल में दल प्रभारी डिप्टी कलेक्टर देवांशु शिवहरे, नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट आरती गौतम तथा जिला अस्पताल के चार चिकित्सक शामिल रहे।

अग्रसेन भवन में होंगे कार्यक्रम, दीप प्रज्वलन के साथ होगा शुभारंभ

गुना। अग्रवाल समाज द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव का आयोजन कल से अग्रसेन भवन में किया जाएगा। सात दिवसीय इस महोत्सव के दौरान समाज के विभिन्न ग्रुपों द्वारा धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन को लेकर समाजजनों में उत्साह है। जानकारी देते हुए विवेक गर्ग ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन भगवान के पूजन, दीप प्रज्वलन एवं ध्वजारोहण के साथ किया जाएगा। ध्वजारोहण ट्रस्ट द्वारा किया जाएगा। इसके बाद नवयुवक दल के सानिध्य में जिला अस्पताल में मरीजों एवं जरूरतमंदों को फल वितरित किए जाएंगे। महोत्सव के पहले दिन शाम को अग्रज ग्रुप द्वारा बंधन रिश्तों का उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि अगले सात दिनों तक अलग-अलग ग्रुपों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें समाज के सभी वर्गों की सहभागिता रहेगी। कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक एकता, पारिवारिक संस्कार एवं आपसी भाईचारे को मजबूत करने का संदेश दिया जाएगा।

अवैध खनिज भंडारण व विक्रय के विरुद्ध खनिज विभाग की कार्रवाई



गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन, भंडारण एवं विक्रय के विरुद्ध खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खनिज विभाग की टीम द्वारा आरोन भ्रमण के दौरान कार्रवाई करते हुए 1 ट्रैक्टर-लोडर को जब्त किया गया। खनिज विभाग की टीम द्वारा आरोन क्षेत्र में भ्रमण के दौरान ट्रैक्टर-लोडर से खनिज का अवैध भंडारण एवं विक्रय किए जाने का मामला पाए जाने पर उक्त ट्रैक्टर-लोडर को जब्त कर थाना आरोन में खड़ा कराया गया है। मामले में नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में अवैध खनिज गतिविधियों पर सतत निगरानी रखते हुए नियमानुसार कार्रवाई जारी है। उक्त कार्रवाई में प्रभारी खनिज निरीक्षक विजय कुमार चक्रवर्ती सहित खनिज विभाग का अमला उपस्थित रहा।

गुमटियां हटाने की कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप, बोले- हटाना जरूरी है तो पहले वैकल्पिक स्थान दें

300-400 छोटे व्यापारियों की रोजी रोटी पर संकट, नपा सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर में नगर पालिका प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे विशेष स्वच्छता एवं अतिक्रमण विरोधी अभियान के बीच कृषि फार्म लाइन, मंडी गेट से लेकर हनुमान चौराहे तक गुमटियां संचालित कर रहे छोटे दुकानदारों में असमंजस और कार्रवाई को लेकर चिंता बढ़ गई है। रविवार को क्षेत्र के दर्जनों दुकानदार एकजुट होकर नगर पालिका कार्यालय पहुंचे और मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) शैलेश अवस्थी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई से पहले वैकल्पिक व्यवस्था किए जाने की मांग की।

दुकानदारों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि वे पिछले पांच वर्षों से भी अधिक समय से इन गुमटियों के माध्यम से छोटे स्तर पर व्यवसाय कर अपने परिवारों का भरण-पोषण कर रहे हैं। उनका कहना है कि क्षेत्र में करीब 300 से 400 छोटे दुकानदार ऐसे हैं, जिनकी रोजी-रोटी पूरी तरह इन्हीं गुमटियों से होने वाली आमदनी पर निर्भर है। ऐसे में अचानक गुमटियां हटाए जाने की कार्रवाई होने पर उनके सामने रोजगार और परिवार के पालन-पोषण का गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा।



अनाउंसमेंट के बाद बढ़ी चिंता

व्यापारियों का कहना है कि नगर पालिका अमले द्वारा क्षेत्र में लगातार अनाउंसमेंट किए जा रहे हैं। इससे दुकानदारों में अपनी दुकानें हटाए जाने को लेकर भय और अनिश्चितता का माहौल है। व्यापारियों ने बताया कि वे प्रशासन की स्वच्छता और शहर को व्यवस्थित रखने की मुहिम के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन कार्रवाई के दौरान छोटे दुकानदारों और उनके परिवारों की आजीविका का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। दुकानदारों का दावा है कि उनकी अधिकांश गुमटियां नाले के समीप और निर्धारित सीमा के भीतर संचालित हो रही हैं। इसके बावजूद यदि उन्हें हटाया जाता है तो प्रशासन को पहले यह स्पष्ट करना चाहिए कि उनके लिए वैकल्पिक व्यवस्था क्या होगी।

पहले जगह दें, फिर हटाएं गुमटियां

ज्ञापन में व्यापारियों ने नगर पालिका प्रशासन से मानवीय आधार पर कार्रवाई पर पुनर्विचार करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि शहर की व्यवस्था, स्वच्छता और सौंदर्यीकरण के लिए गुमटियों को हटाना आवश्यक है, तो प्रशासन पहले किसी अन्य स्थान को चिह्नित कर वहां उन्हें व्यवसाय के लिए जगह उपलब्ध कराए। व्यापारियों ने कहा कि वे प्रशासन के साथ सहयोग करने को तैयार हैं, लेकिन बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के गुमटियां हटाए जाने से सैकड़ों परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट पैदा हो जाएगा। छोटे दुकानदारों ने प्रशासन से ऐसी नीति अपनाने की मांग की है, जिसमें शहर की व्यवस्था के साथ-साथ उनके रोजगार और परिवारों की आर्थिक स्थिति का भी ध्यान रखा जाए।

वर्षों से यहीं चला रहे हैं कारोबार

व्यापारियों ने बताया कि इन गुमटियों के माध्यम से लंबे समय से वे चाय-नाश्ता, किराना, फल-सब्जी, अन्य छोटे व्यवसाय सहित विभिन्न प्रकार की दुकानें संचालित कर रहे हैं। कई परिवारों की आय का यही एकमात्र साधन है। दुकानदारों का कहना है कि वर्षों से कारोबार करने के कारण उन्होंने अपने ग्राहकों का एक स्थायी आधार भी बनाया है। अचानक स्थान हटने से न केवल उनका कारोबार प्रभावित होगा, बल्कि उन्हें दोबारा व्यवसाय शुरू करने के लिए आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की कि किसी भी कार्रवाई से पहले प्रभावित दुकानदारों की स्थिति का सर्वे कराया जाए और वास्तविक रूप से आजीविका के लिए इन गुमटियों पर निर्भर परिवारों को चिह्नित किया जाए। इसके बाद उनके लिए व्यवस्थित वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराया जाए।

बड़ी संख्या में व्यापारी रहे मौजूद

नगर पालिका कार्यालय में ज्ञापन सौंपने के दौरान विजय, निसार अहमद, इमरान, गिरराज सहित बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारी मौजूद रहे। व्यापारियों ने कहा कि वे अपनी मांग को लेकर प्रशासन के समक्ष शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रख रहे हैं और उम्मीद है कि नगर पालिका प्रशासन उनकी परेशानी को गंभीरता से लेते हुए उचित निर्णय करेगा। दुकानदारों का कहना है कि शहर की स्वच्छता और व्यवस्था जरूरी है, लेकिन इसके साथ छोटे व्यापारियों की आजीविका की सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। अब सभी की नजर नगर पालिका प्रशासन की आगामी कार्रवाई और व्यापारियों को वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराने को लेकर लिए जाने वाले निर्णय पर है।

सिंगवासा तालाब के पास मिला पटेल नगर निवासी का शव

गुना। कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिंगबासा तालाब के पास रविवार को एक 40 वर्षीय अधेड़ का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही कैंट थाना पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू की। मृतक की पहचान अंसार अहमद पिता सिराज अहमद उम्र 40 वर्ष, निवासी पटेल नगर के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पूछताछ में परिजनों ने पुलिस को बताया कि अंसार अहमद को अक्सर मिर्गी के दौरे आते थे। आशंका जताई जा रही है कि तालाब के पास अचानक मिर्गी का दौरा पड़ने के कारण यह दुखद हादसा हुआ होगा।

पुलिस ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

घटनास्थल पर मौजूद कैंट थाना पुलिस ने वैधानिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए परिजनों को शव का पोस्टमार्टम कराने की सलाह दी। हालांकि, पुलिस द्वारा कई बार समझाने और काफी समझाइश देने के बावजूद परिजन पोस्टमार्टम कराने के लिए तैयार नहीं हुए। अंततः पुलिस ने परिजनों की मंशा और लिखित सहमति के आधार पर आवश्यक पंचनामा कार्रवाई पूरी कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की मर्ग डायरी तैयार कर अग्रिम जांच कर रही है।

बीमारी और डिप्रेशन से तंग आकर शिक्षिका ने खाई जहरीली गोलियां, इलाज के दौरान मौत

कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिलावटी की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिलावटी में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां वर्षों से मानसिक बीमारी और अवसाद (डिप्रेशन) से जूझ रही एक शिक्षिका ने जहरीली गोलियां खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतका की पहचान ममता कुशवाहा (40) पत्नी रामकृष्ण कुशवाह निवासी ग्राम सिलावटी के रूप में हुई है। घटना के समय पति काम के सिलसिले में गुना शहर आए हुए थे। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, मृतका बीएड शिक्षित थीं और घर पर ही बच्चों को कोचिंग पढ़ाने का कार्य करती थीं।

वह पिछले 15 से 20 वर्षों से मानसिक अस्वस्थता और डिप्रेशन का शिकार थीं, जिसका लगातार इलाज भी चल रहा था। बीते 4-5 दिनों से उनकी तबीयत अधिक खराब चल रही थी और उन्हें बाहर भी डॉक्टरों



को दिखाया गया था। महिला अक्सर इस बात से परेशान और दुखी रहती थी कि वह कब तक बीमार रहेगी और उसे कब तक दवाइयां खानी पड़ेंगी।

सुसाइड नोट में लिखा- परिवार को न करें परेशान

घटना वाले दिन जब पति काम पर गुना आ गए थे, तब महिला ने डिप्रेशन में आकर जहरीली गोलियां खा लीं। तबीयत बिगड़ने पर परिजनों को घटना का पता चला, जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतका अपने पीछे एक बेटा और एक बेटी छोड़ गई है। घटना स्थल से पुलिस को एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें महिला ने अपनी बीमारी से तंग आकर यह कदम उठाने की बात स्वीकार करते हुए लिखा है कि इसके लिए उनके परिवार वालों को परेशान न किया जाए। सूचना मिलने पर कैंट थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया और जांच शुरू कर दी है।

सुआखेड़ी में मवेशी के साथ अमानवीय कृत्य का आरोप ग्रामीणों ने संदिग्ध को दबोचकर की पिटाई

गुना। जिले के राघौगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम सुआखेड़ी में रविवार देर रात एक बेहद शर्मनाक घटनाक्रम सामने आया है। गांव के ही एक युवक पर मवेशी के साथ आपत्तिजनक व अमानवीय कृत्य करने का गंभीर आरोप लगा है। घटना की जानकारी मिलते ही आक्रोशित ग्रामीणों ने मौके पर ही आरोपी को धर दबोचा और उसकी जमकर धुनाई कर दी। बताया जा रहा है कि यह मामला देर रात करीब 3:30 बजे का है, जिसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। वीडियो में ग्रामीण संदिग्ध युवक को घेरे हुए हैं और उससे घटना को लेकर तीखे सवाल जवाब कर रहे हैं। घटना का वीडियो सामने आते ही स्थानीय गौसेवकों और ग्रामीणों में गहरा असंतोष फैल गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए सूचना तुरंत राघौगढ़ थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने युवक को अपनी हिरासत में ले लिया और थाने ले जाकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वायरल वीडियो की प्रामाणिकता और पूरे मामले की बारीकी से जांच की जा रही है।

रोटरी के निःशुल्क नेत्र शिविर में 70 मरीजों की जांच 25 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन

गुना। रोटरी क्लब गुना एवं सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट, आनंदपुर के संयुक्त तत्वावधान में समाजसेवी महेश अग्रवाल की माताजी एवं नेत्रदानी स्व. राधा देवी अग्रवाल तथा समाजसेवी स्व. नरेश अग्रवाल की पुण्य स्मृति में निःशुल्क नेत्र, शुगर एवं बीपी जांच तथा मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन रविवार को रोटरी भवन, गुना में किया गया। शिविर का शुभारंभ रोटरी अध्यक्ष श्याम अग्रवाल, सचिव शैलेश गुप्ता, वरिष्ठ रोटेरियन शिखर चंद जैन, शिविर संयोजक विकास जैन नखराली, महेश अग्रवाल, जगमोहन बंसल एवं डीएन नीखरा सहित उपस्थित अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर संयोजक विकास जैन ने बताया कि सद्गुरु संकल्प नेत्र चिकित्सालय के विशेषज्ञ डॉ. संजय पांडेय एवं चिकित्सा दल द्वारा 70 से अधिक मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। जांच के दौरान 25 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया, जिन्हें ऑपरेशन के लिए सद्गुरु संकल्प नेत्र चिकित्सालय, लटेरी भेजा गया। ऑपरेशन के बाद इन मरीजों को नई नेत्र ज्योति मिलने की उम्मीद है।

भागवत कथा में भक्ति, करुणा और स्वस्थ जीवन का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

मानस भवन गुना में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन संत श्री अरविंद महाराज ने श्रद्धालुओं को भक्ति, करुणा, सदाचार एवं स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत केवल धार्मिक कथा नहीं, बल्कि मनुष्य को जीवन जीने की सही दिशा देने वाला आध्यात्मिक ग्रंथ है। संतश्री ने कहा कि सच्ची भक्ति वही है, जिसमें भगवान के प्रति श्रद्धा के साथ प्रत्येक जीव के प्रति दया, करुणा और सेवा का भाव हो। मनुष्य को अहंकार, ईर्ष्या और द्वेष का त्याग कर प्रेम, सद्भाव और परोपकार को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने शरीर के महत्व को समझाते हुए कहा कि स्वस्थ और निरोगी शरीर ही वास्तविक स्वर्ग है।



जब हमारा शरीर बलवान और पूर्णतः स्वस्थ रहता है।

पतंजलि परिवार की सामूहिक बैठक में नवीन दायित्वों की घोषणा

संगठन को सशक्त एवं सक्रिय बनाने पर दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

पतंजलि परिवार के सभी संगठनों की सामूहिक बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से विभिन्न संगठनों के जिला पदाधिकारियों के नवीन दायित्वों की घोषणा सर्वसम्मति से की गई। बैठक में भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी के रूप में चंद्रमोहन यादव (रामनगर वाले) तथा सह जिला प्रभारी के रूप में धनीराम ग्वाल का चयन किया गया।

इसी प्रकार पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी प्रेमचंद करौलिया एवं सह जिला प्रभारी चंद्रपाल सिंह चौहान को दायित्व सौंपा गया। पतंजलि किसान सेवा समिति के जिला प्रभारी धर्मेंद्र रघुवंशी एवं सह प्रभारी अजीत यादव तथा युवा भारत के जिला प्रभारी संजय वर्मा का चयन भी सर्वसम्मति से किया गया। बैठक में बताया गया कि डॉ. एम.के. विश्वास को पूर्व में ही राज्य कार्यकारिणी में स्थान दिया जा चुका है। वहीं बाबूलाल यादव एवं सतीश शर्मा (पप्पू भाई साहब) को संगठन के मार्गदर्शक मंडल में स्थान दिया गया।

इस अवसर पर पतंजलि परिवार मध्यप्रदेश की ओर से सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी गईं। बैठक में राज्य प्रभारी कृष्ण योगेंद्र रघुवंशी, संरक्षक हरि सिंह यादव, संगठन मंत्री राजेश श्रीवास्तव, सोशल मीडिया प्रभारी नरोत्तम यादव, जिला संवाद प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव, जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं महामंत्री भानु तोमर, महावीर तोमर, कृष्णपाल सिंह किरार सहित अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सम्मेलन में 33 जिलों से जुटे पुलिस पेंशन संघ के सदस्य

जीवन की सार्थकता है, जब तक जिएं कुछ न कुछ करते रहें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

पुलिस पेंशन संघ मध्य प्रदेश के प्रांतीय सम्मेलन एवं चतुर्थ स्थापना दिवस समारोह का आयोजन संजोग गार्डन में हुआ। कार्यक्रम में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने सहभागिता करते हुए कहा कि जीवन की सार्थकता इसी में है कि जब तक जिएं, तब तक स्वयं को किसी न किसी सकारात्मक कार्य में सक्रिय रखें। उन्होंने कहा कि कलयुग में 125 वर्ष की आयु मानी जाती है, इस लिहाज से यहां उपस्थित सभी लोग अभी युवा हैं और समाज व परिवार के लिए बहुत कुछ कर सकते हैं।

कलेक्टर कन्याल ने कहा कि उन्हें जानकारी है कि सम्मेलन में मध्यप्रदेश के लगभग 33 जिलों से पुलिस पेंशन संघ के सदस्य शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन आपसी संवाद, अनुभव साझा करने और सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने का अवसर है। कलेक्टर ने कूनो क्षेत्र के विकास कार्यों का उल्लेख



करते हुए कहा कि वहां लगातार पिछले आठ माह से विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में एक किसान से चर्चा कर छोटी कैनाल तैयार कराने की दिशा में पहल की गई, ताकि पानी का उचित प्रवाह और ओवरफ्लो की व्यवस्था हो सके। वहीं एक अन्य किसान से चर्चा कर हाईवे से क्षेत्र तक पहुंचने के लिए कनेक्टिविटी बेहतर करने पर भी काम किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कूनो एक अच्छा पर्यटन स्थल बनकर सामने आया है, जहां परिवार के साथ पिकनिक के लिए जाया जा सकता है। वहां खान-पान के साथ तीरंदाजी और बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आनंद लिया जा सकता है। कलेक्टर ने गुना के पर्यटन स्थलों का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि किसी को वोटिंग का शौक है तो गोपी सागर डैम में वोटिंग का आनंद लिया जा सकता है।

सकारात्मक कार्यों से जुड़े रहना ही जीवन की सार्थकता

कलेक्टर कन्याल ने कहा कि जीवन का अर्थ ही अपने आप को किसी न किसी सकारात्मक कार्य में व्यस्त रखना है। व्यक्ति को अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार सक्रिय रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि उम्र बढ़ने के साथ जीवन से जुड़ी गतिविधियां कम करने के बजाय अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाते रहना चाहिए।

समाचार संक्षेप

75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजनों का कायस्थ समाज ने किया सम्मान



राघौगढ़। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर कायस्थ समाज द्वारा 75 वर्ष से अधिक आयु के समाज के वरिष्ठजनों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठजनों को प्रतीक चिन्ह, माला एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। कायस्थ समाज के विभिन्न संगठनों ने एकजुट होकर कार्यक्रम का आयोजन किया। समारोह ने सामाजिक एकता एवं समरसता का संदेश देते हुए सफलतापूर्वक एवं गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की सफलता में श्री चित्रगुप्त मंदिर न्यास के अध्यक्ष नरेंद्र श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा। उन्होंने आयोजन की तैयारियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। न्यास के सचिव वीरेंद्र निगम का भी उल्लेखनीय सहयोग प्राप्त हुआ। आयोजन को सफल बनाने में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा दिल्ली पंजीकृत के प्रदेश अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर प्रबुद्ध वृद्धजनों का किया सम्मान

आरोन। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर श्रीराम मैरिज गार्डन में सनातन, जैन एवं इस्लाम धर्म के 80 वर्ष से अधिक आयु के प्रबुद्ध वृद्धजनों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। आयोजन की परिकल्पना एवं व्यवस्था सेवानिवृत्त शिक्षक ओमवीर सिंह रघुवंशी ने की। कार्यक्रम में तहसील लीगल एड कमेटी के चेयरमैन एवं व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड बी.एस. सोलंकी मुख्य अतिथि तथा व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड भरत परमार विशेष अतिथि रहे। प्रवर्तन लिपिक विनोद श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। न्यायाधीशों ने वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों एवं निःशुल्क कानूनी सहायता की जानकारी दी।

नारद मोह व रावण दिग्विजय का प्रभावी मंचन



चाचौड़ा। श्री आदर्श रामलीला मंडल चाँ चौ ड़ा (चम्पावती) के तत्वावधान में शनिवार को रामलीला में नारद मोह एवं रावण दिग्विजय प्रसंग का प्रभावी मंचन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नगरवासी रामलीला देखने पहुंचे। नारद मोह प्रसंग में नारद मुनि की तपस्या, कामदेव द्वारा तपस्या भंग के प्रयास तथा भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी, भगवान शंकर, माता पार्वती एवं इंद्र देव से जुड़े प्रसंगों को कलाकारों ने भावपूर्ण अभिनय के साथ प्रस्तुत किया। इसके बाद रावण दिग्विजय प्रसंग में रावण के पराक्रम एवं विजय अभियान को रावण, कुंभकर्ण और विभीषण के पात्रों के माध्यम से जीवंत किया गया। कलाकारों के संवाद एवं अभिनय को दर्शकों ने सराहा और प्रमुख दृश्यों पर तालियों से उत्साहवर्धन किया। मंच सज्जा, प्रकाश व्यवस्था, संगीत, वेशभूषा एवं संवाद अदायगी में बेहतर समन्वय देखने को मिला। धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रसंगों के प्रभावी मंचन ने दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा।

बोले- दूसरों के कष्टों को अपना मानना ही धर्मात्मा की पहचान

समाप्त होती मानवीय संवेदनाएं गंभीर चिंतन का विषय: मुनि श्रमण सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



इस सदी के महा संत आचार्य विद्यासागर महाराज के प्रभावक शिष्य एवं ओजस्वी वक्ता बुंदेली महाकवि मुनि श्रमण सागर महाराज ने विद्यासागर सभागार राघौगढ़ में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए 'समाप्त होती मानवीय संवेदनाएं' विषय पर मंगल प्रवचन दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मानव जीवन से समाप्त होती मानवीय संवेदनाएं गंभीर चिंतन का विषय हैं। आधुनिक जीवन में भौतिक सुविधाएं बढ़ी हैं, लेकिन एक-दूसरे के दुख-दर्द को समझने और महसूस करने की भावना कमजोर होती जा रही है।

मुनि श्री ने कहा कि आज मनुष्य अपने आसपास घट रही घटनाओं को देखकर भी कई बार अनदेखा कर देता है। उन्होंने हाल ही में एक महानगर के मुख्य चौराहे की घटना का उदाहरण देते हुए बताया कि एक 20-21 वर्षीय युवती को एक युवक डंडे से पीट रहा था और उसे आग लगाने का प्रयास कर रहा था। व्यस्ततम मार्ग से सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन और पैदल यात्री गुजर रहे थे, लेकिन किसी ने रुककर यह जानने का प्रयास नहीं किया कि युवती के साथ ऐसा क्यों किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी पीड़ित की सहायता के लिए आगे बढ़ना भी मानवीय संवेदना का परिचायक है।

पशुओं में दिखाई देती संवेदना

मुनि श्रमण सागर महाराज ने कहा कि आज कई परिस्थितियों में पशुओं में मनुष्यों से अधिक संवेदनाएं दिखाई देती हैं। उन्होंने नेपाल में आई भीषण बाढ़ का उदाहरण देते हुए बताया कि नदी में डूब रहे चार वर्षीय बालक को एक कुत्ते ने किनारे तक पहुंचाकर उसके प्राण बचाए। इसी प्रकार उन्होंने एक गाय का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस हिरण के बच्चे की मां की मृत्यु हो गई थी, उस बच्चे को गाय ने दूध पिलाकर बड़ा किया। उन्होंने कहा कि इन उदाहरणों से हमें विचार करना चाहिए कि आखिर मनुष्य, जिसे विवेक और संवेदना का सर्वोच्च प्राणी माना जाता है, वह दूसरों के दुख के प्रति इतना उदासीन क्यों होता जा रहा है।

पिता की मृत्यु पर बेटे ने कहा- इस समय व्यस्त हूं

मुनिराज ने परिवारों में कम होती संवेदनाओं का उदाहरण देते हुए भारत में रहने वाले एक वृद्ध दंपती का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि उनके दो बेटे विदेश में रहते थे। अचानक पिता का स्वर्गवास हो गया। मां ने विदेश में रह रहे एक बेटे को फोन कर पिता के निधन की सूचना दी। बेटे ने अपने भाई से फोन पर कहा कि वह इस समय व्यस्त है, इसलिए इस बार वह चला जाए, अगली बार जब मां का स्वर्गवास होगा तब वह आएगा।

आयुर्वेद में कैंसर पर शोध के लिए फ्रांस जाएंगी मानसी वास्त्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

राघौगढ़ निवासी वास्त्री परिवार की बेटी मानसी वास्त्री आयुर्वेद में कैंसर पर शोध कार्य के लिए जल्द ही फ्रांस जाएंगी। उनकी इस उपलब्धि पर रजक समाज के प्रमुख संगठन एवीडीएम के युवा प्रकोष्ठ द्वारा वर्ष 2017 से निरंतर चलाए जा रहे प्रतिभा सम्मान अभियान के तहत मानसी वास्त्री का सम्मान किया गया। एवीडीएम संगठन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राघौगढ़ निवासी नरेंद्र कुमार वास्त्री ने बताया कि मानसी ने यह मुकाम अपनी प्रतिभा एवं मेहनत के बल पर हासिल किया है। इसी उपलब्धि के उपलक्ष्य में युवा प्रकोष्ठ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मनीष रजक संगठन के सदस्यों के साथ राघौगढ़ स्थित विष्णु वास्त्री के निवास पहुंचे। यहां मानसी वास्त्री एवं उनके माता-पिता का तिलक लगाकर, पुष्पहार पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया। संगठन की ओर से मानसी को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया।

सेवा-संकल्प अभियान के तहत सेवा मेरा योगदान, सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'सेवा मेरा योगदान, सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत चंदेरी के मेला ग्राउंड परिसर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने सहभागिता कर कार्यक्रम को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की मंशा अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। सेवा संकल्प अभियान इसी भावना का प्रतीक है, जिसके माध्यम से सरकार स्वयं जनता के द्वार पर पहुंच रही है। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष महेन्द्र सिंह बुंदेला, महिला स्व सहायता समूह प्रकोष्ठ की प्रदेश सह संयोजक ज्योति खरगा, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेश पंथी, जिला मंत्री दीपक शर्मा, सोना कोली, नगर मंडल अध्यक्ष राहुल शेषा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अखिलेश लोधी, सांसद प्रतिनिधि जगन्नाथ पिप्पल सहित जनपद पंचायत के अधिकारी, कर्मचारी, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में नगरपालिका की ओर से अध्यक्ष और उपाध्यक्ष तो शामिल थे ही नगरीय क्षेत्र में 16 पार्षद होने के बाद भी एक मात्र पार्षद के रूप में मुन्नी बाई शामिल हुईं,शेष पार्षदों ने कार्यक्रम से दूरी बनाकर रखी।

चाचौड़ा-कुंभराज में सेवा सेतु अभियान का शिविर आयोजित, विधायक पैंची ने मौके पर किए निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चाचौड़ा/कुंभराज



सेवा संकल्प अभियान-2026 एवं सेवा सेतु अभियान—सरकार आपके द्वार के तहत चाचौड़ा-बीनागंज, कुंभराज एवं मधुसूदनगढ़ में बृहत सेवा शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में विधायक प्रियंका पैंची मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। विभिन्न विभागों द्वारा प्राप्त आवेदनों में कई प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से संबंधित प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। विधायक प्रियंका पैंची ने कहा कि सरकार का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सहजता से पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि "सरकार आपके द्वार" जैसे शिविर आमजन और शासन के बीच सेतु का कार्य करते हैं। इस दौरान नगरों के मंडल अध्यक्ष, नगर परिषद अध्यक्ष, पार्षद, कार्यकर्ता एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

इधर नगर परिषद कुंभराज द्वारा सेवा सेतु अभियान 'सरकार आपके द्वार' के तहत शिविर आयोजित किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए कैंपों में नगरवासियों ने पहुंचकर योजनाओं की जानकारी ली और सेवाओं का लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक प्रियंका पैंची ने कहा कि शासन की मंशा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने हितग्राहियों से योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया। विधायक ने पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के स्वीकृति पत्र भी वितरित किए। नोडल अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी लीलाधर सेन ने योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि अभियान का उद्देश्य शासन और आमजन के बीच की दूरी कम करना है।

शिविर में नगर परिषद अध्यक्ष शारदा देवी साहू, मंडल अध्यक्ष रोहित कासट, पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। नगर परिषद टीम ने हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी देने एवं आवश्यक कार्यवाही में सहयोग किया।

सेवा सेतु अभियान के तहत पिपरई में शिविर आयोजित, 340 आवेदन प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई



नगर परिषद पिपरई के प्रांगण में सेवा सेतु अभियान के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं विभागों से संबंधित समस्याओं और आवेदन लेकर बड़ी संख्या में हितग्राही पहुंचे। 340 आवेदन शिविर में आए व 64 का मौके पर निराकरण किया गया।

शिविर में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, संबल योजना, राशन पात्रता पर्ची, विद्युत कनेक्शन, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, कृषि एवं कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों से संबंधित हितग्राहियों के आवेदन लिए गए। अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा हितग्राहियों की समस्याओं को सुना गया तथा पात्रता के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक बृजेंद्र सिंह यादव, नगर परिषद अध्यक्ष विशन बाई अहिरवार, विधायक प्रतिनिधि रंजीत धाकरे, एसडीएम बृजबिहारी लाल श्रीवास्तव, तहसीलदार रोहित रघुवंशी, नायब तहसीलदार अंजनी कुमार चैधरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, एल्डरमैन एवं पार्षदगण उपस्थित रहे।

अगरा पुलिस ने पांच किमी पीछाकर पकड़ी शराब से भरी गाड़ी,चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



अगरा थाना पुलिस ने बीती शाम को शराब से भरी एक गाडी को पकडने में सफलता अर्जित की है। विशेष बात यह है कि शराब भरी गाडी के चालक ने पुलिस से बचने के लिए गाडी को खूब दौडाया,लेकिन अगरा थाने की पुलिस टीम ने भी अपनी गाडी को पांच किलोमीटर तक शराब से भरी गाडी के पीछे दौडाकर उसे पकड लिया। मगर चालक एनवक्त पर गाडी से कूदकर भाग निकला। पुलिस ने मामला दर्ज कर शराब को जब्त करते हुए गाडी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

एसडीओपी विजयपुर राघवेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि बीती शाम को मुखबिर के जरिए अगरा थाना क्षेत्र में काफी बडी मात्रा में शराब एक वाहन के जरिए आने की सूचना मिली। इस सूचना पर तत्काल अगरा थाना प्रभारी धर्मेन्द्र शर्मा को घेराबंदी करने के निर्देश दिए। इसके बाद अगरा थाना प्रभारी ने दो अलग अलग पुलिस टीमे बनाकर अलग अलग स्थानों पर नाकेबंदी कर दी।

अष्टमी पूजन के लिए डेम पर नहाते समय नवविवाहिता की डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



अपने ससुराल मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम ढुडैर से मायके आई 22 वर्षीय नवविवाहिता प्रियंका पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम सेमरी में आई थी। तभी डेम में नहाने के दौरान महिला पानी में डूब गई जिससे उसकी मौत हो गई। प्रियंका अपनी मां सुशीला बाई के साथ अष्टमी पूजन के लिए डेम पर नहाने के लिए गई थी जब बेटी पानी में डूबने लगी तब मां चिल्लाई आसपास के लोग भी एकत्रित हो गए और तत्काल महिला को पानी से बाहर निकाला गया। परिजन उसे जिला अस्पतला लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रविवार को महिला का पोस्टमार्टम कर शव परिवार जनों को सौंप दिया गया। ज्ञात हो कि महिला की शादी 22 अप्रेल 2026 को हुई थी डेढ़ महीने से वह अपने मायके में ही रह रही थी। इस दौरान ससुराल वाले भी उसे लेने आए लेकिन बुखार होने के कारण ससुराल वाले वापिस लौट गए उन्हें बाद में आने को कहा, लेकिन महिला की अपने मायके में ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

आपका चयन आपके व्यक्तित्व का परिचायक है: मुनिश्री निरंजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



साइंस ऑफ लिविंग के इस सत्र में मुनि श्री निरंजन सागर महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि हर व्यक्ति के जीवन में कई बार ऐसे अवसर आते हैं, जिन अवसरों में वो अपने आप को असमंजस की स्थिति में पाते हैं। इस परिस्थिति में कौन सही है कौन गलत है, इस चयन की प्रक्रिया का सामना लगभग हर व्यक्ति को करना पड़ता है। इस प्रक्रिया में सभी के मन में यही प्रश्न उठता है कि क्या करें?

इसका बस इतना ही समाधान है कि आपका व्यक्तित्व कैसा है। उन्होंने कहा कि आपका व्यक्तित्व अगर महाराणा प्रताप की तरह है तो आप चेतक का ही चयन करेंगे और आपका व्यक्तित्व धोबी की तरह है तो आप अपने कार्य हेतु गर्दभ (गधा) का ही चयन करेंगे। महाराणा प्रताप को युद्ध लड़ना है और धोबी को अपनी गठरी ढोनी है। अगर महाराणा प्रताप की तरह आपका व्यक्तित्व है तो आपका चिंतन राष्ट्रव्यापी है और फिर आपका चयन भी उसी स्तर का उच्च मानसिकता के साथ होगा। आपने अगर गधे का चयन किया है इसका अभिप्राय स्पष्ट है कि आपको बस अपना काम निकालना है और आपका चिन्तन और आपकी मानसिकता स्वार्थपूर्ण व्यवहार से परिपूर्ण है। एक राष्ट्रव्यापी चिन्तन और एक व्यक्तिगत चिन्तन ही आपके चयन का मुख्य आधार होता है। इसलिए आपके चयन के माध्यम से आपके व्यक्तित्व का पता आसानी से लग जाता है।

जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में बच्चों से लेकर 60 वर्ष तक की आयु के खिलाड़ियों ने शतरंज की चाल चली और प्रतियोगी बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिला शतरंज एसोसिएशन अशोकनगर द्वारा अमर मैरिज गार्डन, अशोकनगर में एक दिवसीय जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बच्चों से लेकर 60 वर्ष की आयु के प्रतियोगियों ने भाग लिया। विजेता प्रतियोगियों को पुरूस्कार प्रदान किए गए।

इस प्रतियोगिता का शुभारंभ वर्तमान विधायक हरिबाबू राय, पूर्व विधायक जजपाल सिंह एवं मुख्य अतिथि डॉ. सुनील सोमानी (प्रदेश सचिव) द्वारा किया गया। प्रतियोगिता कुल 5 राउंड में खेली गई। प्रतियोगिता में कुल 130 प्रतिभागियों ने 5 कैटेगरी अंडर-8, अंडर- 12, अंडर-15, अंडर-18 एवं ओपन वर्ग में भाग लिया।

अंडर 8 कैटेगरी में प्रथम आयुष्मान शर्मा, द्वितीय आरुष गोस्वामी,तृतीय शिवांश सेठी,चतुर्थ क्षितिज गुप्ता और पांचवे स्थान पर अथर्व साहू रहे। अंडर 12 कैटेगरी में, प्रथम विनायक खरे, द्वितीय सूरज ताम्रकार, तृतीय अमय शर्मा,चतुर्थ आद्विक जैन और पांचवे स्थान पर आरुष जैन रहे। अंडर 15 कैटेगरी में प्रथम अगमदीप सिंह मिगलानी,द्वितीय सिद्धि रघुवंशी,तृतीय ग्रंथ गुप्ता,चतुर्थ ऋषिका पालीवाल और पांचवे स्थान पर अंबिक श्रीवास्तव रहे। अंडर 18 कैटेगरी में प्रथम अपूर्व श्रीवास्तव, द्वितीय अक्षुण्य रघुवंशी, तृतीय स्वस्तिक कंसल,चतुर्थ हर्षित छीपा और पांचवे स्थान पर अनंत गुप्ता रहे। ओपन कैटेगरी में प्रथम आशुतोष पुरोहित, द्वितीय रामकृष्ण रघुवंशी, तृतीय अंशुल पाठक, चतुर्थ शुभजोत रॉय, मनुश्रेष्ठ कनखरे और बेस्ट गर्ल आज्ञा जैन रहीं। इसके अतिरिक्त 60 प्लस आयु वर्ग के वरिष्ठ खिलाड़ी कीर्ति कुमार पाठक एवं कैलाश दीवान को भी सम्मानित किया गया।

प्रतियोगियों को नपा अध्यक्ष ने पुरस्कार प्रदान किए

सभी कैटेगरी में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं को नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि चतुर्थ एवं पंचम स्थान पर रहे खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। सभी पुरस्कार नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया के माध्यम से दिए गए। इस अवसर पर खेल के प्रायोजक हरी सिंह रघुवंशी (एमआरएफ टायर), सुभाष यादव, चंद्रभान सिंह रघुवंशी, सोनालिका ट्रैक्टर कार्यक्रम को सफल बनाने में देवकृष्ण वशिष्ठ (डीके मोबाइल) एवं रीतेश जैन आजाद (नेता प्रतिपक्ष) ने पूरा सहयोग दिया। जिला शतरंज एसोसिएशन के अध्यक्ष के.पी. रघुवंशी,सचिव सतीश चैरसिया, जिला खेल अधिकारी अरुण रघुवंशी, दिनेश सिंह रघुवंशी, संयुक्त सचिव ज्ञानेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष सौरभ जैन, जलिा खेल अधिकारी मनोज राठौर, वूशू कोच ब्रजेश धुरेंते आदि सभी ने सभी विजेताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। अंत में समिति द्वारा सभी सदस्यों एवं आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।



खबर संक्षेप

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हिनोतिा पछार निवासी राहुल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुर्जन सरदार और जितेन्द्र कुम्हार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत चंदेरी निवासी दीपक चैबे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी छोटे राजा यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खिरका टांका निवासी आकाश अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गोपाल और रामलाल अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जयंतीपुर निवासी परमाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गौतम, प्रदीप और शेलेन्द्र यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बहादुरपुर निवासी राममनी बाई कटारिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भूरा, रामगोपाल, सविता बाई और चन्द्रेश बाई कटारिया ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन



अशोकनगर। जिला प्रशासन व जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशन तथा पर्यवेक्षक प्रियंका पवार के मार्गदर्शन में अशोकनगर शहरी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 20 एवं केंद्र क्रमांक 60-61 पर संयुक्त रूप से कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह आयोजन सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे तीन दिवसीय आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम के तहत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मीना जैन के संयोजकत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोगी अनीता जैन, अनीता नामदेव, आशा ममता नामदेव एवं एएनएम रश्मि सक्सेना की सक्रिय भूमिका रही। प्रातः कालीन सत्र में केंद्र क्रमांक 60 में सामाजिक संगठन इनर व्हील द्वारा बच्चों व माताओं को उपहार वितरित किए गए। इस दौरान संगठन की वरिष्ठ सदस्य प्रीति मनोरिया ने अपने विचारों से सभी का मन मोह लिया। क्लब प्रेसिडेंट मोना गोयल ने और अर्चना बंसल ने बच्चों के सर्वांगीण विकास और परिवार को एक साथ जोड़े रखने के महत्वपूर्ण सूत्रों पर प्रकाश डाला।

हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया

अशोकनगर। चंदेरी में आयोजित सेवा सेतु संकल्प अभियान शिविर में कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग अंतर्गत सहायक संचालक हथकरघा श्रीमती कीर्ति कटियार द्वारा मंच से अपने विभाग में संचालित बुनकर मुद्रा योजना एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ वितरण कराया गया एवं अपने विभाग की प्रदर्शनी का स्टाल लगाया गया।

जुए के अडडे पर छापामार कार्रवाई

अशोकनगर। ईसागढ़ पुलिस ने घोसी मोहल्ला ईसागढ़ में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए सर्जन सिंह,जीतू ठाकुर,संजीव केवट, सोनू ग्वाल को गिरफ्तार किया है,जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी और 1600 रूपए जप्त किए हैं।

सेवा मेरा योगदान अन्तर्गत आयोजित की गई गतिविधियां

अशोकनगर। सेवा संकल्प अभियान में सेवा मेरा योगदान अभियान अन्तर्गत जिले के वृद्धाश्रमों में वृद्धजनों की सेवा कार्य हेतु गतिविधियां आयोजित की गई। इस दौरान पनत्व एवं संवेदनशीलता के संदेश हेतु वृद्धजनों से आत्मीय संवाद एवं उनके अनुभवों को सुनना, वृद्धजनों को भोजन, फल एवं दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री वितरित की गई।

पीएम रिपोर्ट में पुष्टि हुई, मां और दादी पर संदेह, पुलिस मामले की जांच में जुटी

हाल में जन्मी नवजात की गला घोंटकर हत्या





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर।

हाल में जन्मी नवजात बालिका की गला दबाकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। उक्त घटना में बालिका के गले पर लाल और नीले निशान थे तथा मुंह से खून निकल रहा था। उक्त घटना में मां और दादी पर हत्या का संदेह है, जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर बीएल टैगोर का कहना है कि पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि हुई है। पूरे मामले में पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

महिला को पहले से दो बेटियां थी यह तीसरी बेटी हुई थी

जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम सकर्रा की रहने वाली भावना पत्नि केदार विश्वकर्मा ने अशोकनगर जिला अस्पताल में एक नवजात बालिका को जन्म दिया था। उक्त महिला को शुक्रवार, शनिवार की रात्रि में जिला अस्पताल क प्रसुति वार्ड में भर्ती कराया गया था। जहां महिला ने बेटी को जन्म दिया था, उक्त महिला के यहां पहले से ही दो बेटियां हैं, बालिका होने के बाद महिला को पीएनसी वार्ड में भर्ती किया गया था। बालिका के साथ उसकी मां भावना और दादी राजनबाई साथ में थीं।

बालिका के गले पर लाल और नीले निशान पाए गए

शनिवार की दोपहर में नवजात बालिका की तवीयत खराब होने पर उसे प्रसूति वार्ड की सिस्टर को दिखाया गया था। जिसके बाद उक्त बालिका को एसएनसीयू वार्ड में जो शिशु गहन चिकित्सा इकाई कक्ष हैं उसमें भर्ती कराया गया था। जहां एसएनसीयू वार्ड के डॉक्टर अर्जुन पटेल द्वारा बताया गया कि बालिका के गले पर लाल और नीले निशान थे तथा गला दवाकर उसकी हत्या किए जाने की आशंका व्यक्त की गई थी। उक्त घटनाक्रम से जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर बीएल टैगोर और सिटी कोतवाली पुलिस को अवगत कराया गया था।

मां का कहना बच्ची की नांक से खून भी आ रहा था

इस घटनाक्रम में नवजात बालिका को जन्म देने वाली मां भावना का कहना था कि दोपहर में उसने बच्ची को देखा तो उसके गले पर निशान थे और मुंह से खून आ रहा था, यह कैसे हुआ उसे नहीं पता, बच्ची को दूध पिलाने के बाद उसने देखा तो यह निशान पाए गए।

पीएसी वार्ड में नहीं है कैमरों के इंतजाम

उक्त घटना क्रम को लेकर यह माना जा रहा है कि उक्त महिला के यहां पहले से ही दो बेटियां थीं एक और बेटी के जन्म लेने के कारण उसकी परिवार के लोगों के द्वारा ही गला दबाकर हत्या की गई है। जिस पीएसी वार्ड में महिला अपनी नवजात बालिका के साथ भर्ती थी उक्त वार्ड में किसी प्रकार के कोई केमरे भी नहीं लगे हैं जिससे इस बात की पूरी तरह पुष्टी कर पाना मुश्किल है कि बेटी का गला किसके द्वारा दवाया गया है।

घटना बता रही है बेटी को आज भी समाज में माना जाता है अभिशाप

लेकिन यह पूरा मामला जांच का विषय तो है ही लेकिन आज भी समाज में बेटी के जन्म को अभिशाप माना जाता है, तमाम तरह के जागरूकता अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, लाड़ली लक्ष्मी योजना आदि के माध्यम से बेटी को आगे बढ़ाने का संदेश दिया जा रहा हो लेकिन समाज में आज भी इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं।

क्या कहना है इनका

जिला अस्पताल से सूचना मिली थी कि एक नवजात बालिका एसएनसीयू वार्ड में उपचार के लिए लाई गई थी जो मृत अवस्था में मिली है। जिसमें गला घोंटकर मारा गया है लेकिन अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने नहीं आई है, पीएम रिपोर्ट का इंतजार है।

रवि प्रताप सिंह चैहान टीआई सिटी कोतवाली अशोकनगर

एसएनसीयू वार्ड के डॉक्टर अर्जुन पटेल द्वारा बताया गया था कि नवजात के बालिका के गले पर लाल और नीले निशान हैं तथा मुंह से खून आ रहा था, पीएम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि हुई है।

डॉ. बी.एल. टैगोर सिविल सर्जन जिला अस्पताल

7 अक्टूबर को निकलेगी 'सेवा ज्योति कलश यात्रा'

अशोकनगर। 7 अक्टूबर को सेवा ज्योति कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा, जिसे लेकर कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले के अधिकारियों व प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में कलेक्टर साकेत मालवीय ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रा के मार्ग, कार्यक्रम स्थल, यातायात व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि सेवा ज्योति यात्रा सेवा, समर्पण और जनभागीदारी का संदेश लेकर आगे बढ़ेगी। यात्रा के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के साथ ही नागरिकों को सेवा कार्यों से जोड़ने का प्रयास किया जाए। बैठक में बताया गया कि जिले की प्रत्येक विधानसभा से एक सेवा ज्योति कलश यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा का मार्ग इस प्रकार निर्धारित किया जाएगा कि वह विधानसभा क्षेत्र के अधिक से अधिक कस्बों और गांवों से होकर गुजरे और आमजन को इससे जोड़ा जा सके। यात्रा में कलश एवं कृत्रिम मशाल प्रमुख आकर्षण होंगे।

शिविर में विभिन्न हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया गया

अशोकनगर के मानस भवन में नगरीय क्षेत्र का शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर।



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार का अशोकनगर नगरीय क्षेत्र शिविर का आयोजन स्थानीय मानस भवन में किया गया। प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 के सपने को किया जा रहा साकार करने के लिये समाज में संवेदनशीलता के साथ शासकीय योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को दिया जाकर समाज के कमजोर अंतिम व्यक्ति के लिये लाभ पहुंचाना इस आशय के विचार भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने रविवार को स्थानीय मानस भवन में सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये। शिविर में कलेक्टर साकेत मालवीय ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार द्वितीय चरण में सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सेवा सेतु अभियान के तहत सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन नगरीय क्षेत्रों में किया गया। इन शिविरों में नागरिकों से प्राप्त आवेदनों का मौके पर निराकरण कराया जा रहा है। आमजन को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी रही है।

नगरीय क्षेत्र में 7 हजार 300 हितगा्रहियों को लाभ दिलाया गया- शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने कहा कि केंद्र और मध्यप्रदेश सरकार आमजन के हितों को ध्यान में रखते हुए जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। योजनाओं का लाभ प्रदान कर जीवन स्तर को बेहतर बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अशोकनगर नगरीय क्षेत्र में 7 हजार 300 पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाया गया। उन्होंने बताया कि शहर सौदर्यकरण के कार्ययोजना तैयार कर शहर सौदर्यकरण का कार्य कराया जा रहा है। इस अवसर पर हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं के लगाए स्टॉल: शिविर में कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा अपने अपने विभाग से संबंधित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों से संबंधित स्टॉल लगाए गए। साथ ही नागारिकों योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर में 592 आवेदन प्राप्त हुए।

अंजुमन इस्लाम कमेटी के चुनाव संपन्न वाहिद पटेल सदर चुने गए

अशोकनगर। अंजुमन इस्लाम कमेटी अशोकनगर के चुनाव रविवार को आयोजित किए गए थे, इस चुनाव में सदर पद पर वाहिद पटेल चुने गए हैं, वह पहले भी सदर रह चुके हैं। इस चुनाव में कुल मतदाताओं की संख्या 4773 थी जिसके बाद विभिन्न पदों के लिए कई उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। सुबह 8 बजे से 2 बजे तक मतदान चलता रहा, दोपहर 3 बजे के बाद मतों की गणना की गई। सदर पद के लिए चार उम्मीदवार चुनाव मैदान में थें जिनमें अकील खान, निसार खान, सरीफ खान, और वाहिद पटेल शामिल थे जिसमें वाहिद पटेल सदर चुने गए है। उनका चुनाव चिन्ह पंतग था। सेक्रेटी पद के लिए तीन उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे जिनमें अलीम खान, मुन्ना खान और रफीक खान शामिल थे। जिसमें रफीक खान सेक्रेरटी चुने गए हैं उनका चुनाव चिन्ह सिलाई मशीन था। नायब सदर पद के लिए दो उम्मीदार वार चुनाव मैदान में थे जिनमें फरीद खान और इस्माइल कुरैसी थे, जिसमें इस्माइल कुरैसी चुने गए उनका चुनाव चिन्ह चश्मा था। नायब सेक्रटी के लिए तीन उम्मीद वार चुनाव मैदान में थे।

बिजली के भारी-भरकम बिल से परेशान युवक ने किया आत्मदाह का प्रयास, पुलिस ने बचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी।



नगर के नया बस स्टैंड मैदान में आयोजित सेवा संकल्प अभियान शिविर के दौरान उस समय हड़कंप मच गया, जब बिजली बिल की समस्या से त्रस्त एक स्थानीय पीड़ति युवक ने अपने ऊपर पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह करने की कोशिश की। मौके पर मुस्तैद पुलिस बल ने तत्परता दिखाते हुए युवक से पेट्रोल की बोतल छीनी और एक बड़ा हादसा होने से टाल दिया।

पीड़ति का आरोप 8 महीने पहले भुगतान के बावजूद पेनल्टी और भारी बिल- पीड़ति युवक अभिषेक रैकवार ने विद्युत विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि उसने 8 महीने पहले ही अपने बिजली बिल का पूरा भुगतान कर दिया था। इसके बावजूद विभाग द्वारा किस्तों में राशि जमा कराई जाती रही, जिस पर पेनल्टी और ब्याज लगाकर बिल की रकम लगातार बढ़ाई जा रही है। अभिषेक ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा, मेरे घर में महज दो कमरे हैं और मेरी आमदनी बहुत सीमित है। इसके बावजूद इस महीने 16,984 रुपये का भारी-भरकम बिल थमा दिया गया। बिल सुधार के लिए मैंने कई बार बिजली दफ्तर के चक्कर काटे, लेकिन कोई सुनवाई या निराकरण नहीं हुआ। इसी लाचारी और मानसिक परेशानी के चलते मुझे आज यह खौफनाक कदम उठाने पर मजबूर होना पड़ा।

विद्युत मंडल की सफाई नोटशीट बनाकर दिया गया है डिस्काउंट, मीटर लैब भेजा- मामले पर विद्युत मंडल की जेई अदिति बिलावे ने विभाग का पक्ष रखते हुए बताया कि पीड़ति के अधिक बिल की शिकायत पर पहले ही कार्रवाई की जा चुकी है। जेई के अनुसार, उपभोक्ता के बिल की नोटशीट बनाकर उन्हें छूट दी गई थी और बिल को एडजस्ट कर कम भी कर दिया गया था। इसके बाद भी उपभोक्ता का आरोप है कि बिल ज्यादा आ रहा है, इसलिए मीटर को टेस्टिंग के लिए गुना स्थित लैब भेजा गया है। लैब से रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा कि मीटर फास्ट है या सही। यदि मीटर में गड़बड़ी पाई जाती है, तो नियमानुसार नई नोटशीट बनाकर बिल में आगे का समायोजन किया जाएगा। पीड़ति को पूरी प्रक्रिया समझा दी गई है। शिविर स्थल पर युवक द्वारा आत्मदाह के प्रयास की खबर मिलते ही प्रशासनिक अमले में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने तुरंत युवक को शांत कराया और उसे समझाइश दी। घटना के दौरान मौके पर तहसीलदार दिलीप दरोगा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

पिपरई में श्रीमद्भागवत कथा में 56 भोग व गोवर्धन पूजा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई।



नगर के लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के दौरान रविवार को भगवान श्रीकृष्ण की गोवर्धन पूजा एवं 56 भोग का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। कथा वाचक कपिल कृष्ण शास्त्री ने श्रद्धालुओं को गोवर्धन पूजा एवं इंद्र के अहंकार से जुड़ा प्रसंग सुनाया।

कथा वाचक कपिल कृष्ण शास्त्री ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने ब्रजवासियों को अहंकार से भरे इंद्रदेव की पूजा बंद कर प्रकृति और गोवर्धन पर्वत की पूजा करने का संदेश दिया था। गोवर्धन पर्वत से ब्रजवासियों को घास, जल सहित जीवन के लिए आवश्यक संसाधन प्राप्त होते थे। इससे क्रोधित होकर इंद्रदेव ने मूसलाधार वर्षा कर ब्रज में आपदा उत्पन्न कर दी। कथा के अनुसार, ब्रजवासियों की रक्षा के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठिका उंगली पर गोवर्धन पर्वत को सात दिनों तक उठाए रखा और सभी ब्रजवासियों को वर्षा से सुरक्षित रखा।

8 अक्टूबर से अग्रसेन जंयती महोत्सव की होगी शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

श्री अग्रवाल समाज, अशोकनगर द्वारा अग्रवाल पैलेस में महाराजा श्री अग्रसेन जी का 5150 वां जन्मोत्सव 08 से 11 अक्टूबर 2026 तक विविध कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया जा रहा है। इस भव्य आयोजन की रूपरेखा तैयार करने और इसे सफल बनाने में अग्रवाल समाज के अध्यक्ष बलराम अग्रवाल, उपाध्यक्ष अश्विनी अग्रवाल, सचिव मनीष बंसल, कोषाध्यक्ष पुनीत अग्रवाल (मुन्नू), और पी.आर.ओ. विकास अग्रवाल (नटराज) एवं वेदप्रकाश गोयल (शिक्षक) प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही, श्रअग्रवाल समाज महिला मण्डल की ओर से सचिव पूजा बंसल, कोषाध्यक्ष रश्मि अग्रवाल जयपुरी, उपाध्यक्ष सरिता अग्रवाल और सह-सचिव अंजना अग्रवाल सहित समाज के सभी संरक्षक एवं कार्यकारिणी सदस्य अपना विशेष योगदान दे रहे हैं। 08 अक्टूबर को कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 04.30 बजे दीप प्रज्वलन एवं ध्वजारोहण के साथ होगा। इसके पश्चात शाम 05.30 बजे से श्री अग्रसेन मेला लगेगा, जिसके बीच में म्यूजिकल तंबोला भी खिलाया जाएगा। 09 एवं 10 अक्टूबर इन दो दिनों में महिलाओं, बच्चों, बहुओं और सासु मां के लिए विभिन्न मनोरंजक और रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इनमें गेम्स, फैंसी ड्रेस, डांस और क्रिएटिविटी (लिप्पन आर्ट, फोटो फ्रेम, चॉकलेट बुके बनाना आदि) प्रतियोगिताएं शामिल हैं।

प्रभात फेरी से कार्यक्रम की शुरूआत

11 अक्टूबर अंतिम दिन की शुरुआत प्रातः 06 बजे रामलीला मंच सुभाषगंज से अग्रवाल पैलेस तक मंगल प्रभातफेरी के साथ होगी। दिन में स्लो साइकिल रेस और फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिताएं होंगी। शाम 05 बजे से पूजन एवं महाआरती, और शाम 07 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम, लकी ड्रा तथा मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह होगा। रात्रि 08 बजे से पुरस्कार वितरण एवं स्वरुचि भोज के साथ महोत्सव का समापन होगा। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष एवं महिला मंडल ने सभी अग्रबंधुओं से अनुरोध किया है कि वे सपरिवार इस उत्सव में समय पर उपस्थित होकर महाराज श्री अग्रसेन के जन्मोत्सव का आनंद लें।

विधायक जजपाल सिंह ने शिविर में हितग्राहियों से किया संवाद

सेवा संकल्प अभियान के तहत शिविर में समस्याओं का समाधान



हरिभूमि न्यूज ⏭ शाढ़ौरा



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार' के तहत रविवार को नगर परिषद शाढ़ौरा में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक जजपाल सिंह ने सहभागिता कर क्षेत्र वासियों एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं के लाभार्थियों से आत्मीय संवाद किया। शिविर में आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर समस्याओं के त्वरित समाधान तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की।इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र एवं राज्य सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उनका लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना है। जनसेवा, जनसंवाद और समस्याओं का समाधान ही सुशासन की वास्तविक पहचान है।यही सेवा संकल्प अभियान का संकल्प है-जनता के बीच रहना, जनता की सुनना और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास करना। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष अशोक माहौर भाजपा नेता सीताराम रघुवंशी, सीएमओ शमशाद पठान, पार्षद रेखा नामदेव सहित बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

शिविर में हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया गया

शिविर में आयुष्मान भारत योजना के तहत तनवी राज, अवतार अली, सकिला अली, अजमत खान, केसरबाई सेन,संजू यादव, प्रसूती सहायता योजना के अंतर्गत रिंकी जैन, सयाना खान, मुबिना खान। जन्मप्रमाण पत्र योजना के अंतर्गत यासमेन खान, शीतल कुशवाह। पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत सचिन सेन, आदित्य सेन, संजय सेन, व्यात खान, साहिल खान, लल्लीराम कुशवाह, रामू कुशवाह,राजेन्द्रसिंह लोधी, प्रदीप माथुर, संजीव अहिरवार, सुनील ओझा, सौरभ ओझा, देवेन्द्रसिंह अहिरवार, अमन खान प्रहलाद सोनी सचिन सोनी, मोहन सेन, संतोष ओझा, मुख्यमंत्री ई स्कूटी योजना के अंतर्गत अर्जुन खरे, निशी रघुवंशी, वेष्णवी चैरसिया। राशन पात्रता पर्ची के अंतर्गत प्रीति अहिरवार, रेखा कोरी, सपना अहिरवार, आशा ओझा आदि रहे मौजूद।

स्वामित्व योजना का विरोध नहीं, रजिस्ट्री प्रक्रिया में निष्पादक की भूमिका पर आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



प्रादेशिक आवाहन पर जिला पटवारी संघ के अध्यक्ष निर्मल रघुवंशी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए स्वामित्व रजिस्ट्री को लेकर पटवारियों का रुख स्पष्ट किया गया। पटवारियों ने दो टूक कहा कि, वे स्वामित्व योजना के विरोध में नहीं हैं, बल्कि वर्तमान स्वामित्व रजिस्ट्री की प्रक्रिया में पटवारी को 'निष्पादक' बनाए जाने के विरोध में हैं।

पटवारियों ने कहा कि, स्वामित्व योजना के मूल उद्देश्य के तहत गांवों की आबादी भूमि का सर्वेक्षण, अभिलेखीय कार्य एवं खसरा-नक्शा तैयार करने सहित संबंधित प्रक्रिया को पटवारियों ने पूरी मेहनत, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ पूरा किया है। खसरा-नक्शा तैयार होते ही योजना का मूल कार्य पूर्ण हो चुका था। इसके बाद अब उसी आबादी भूमि की रजिस्ट्री प्रक्रिया में पटवारी को निष्पादक की भूमिका सौंपे जाने पर पटवारियों को गंभीर आपत्ति है।

जिस योजना को पूरा करने में पूरी ताकत लगाई, उसी में अब कानूनी जोखिम क्यों?- पटवारियों का कहना है कि, उन्होंने स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन में मैदानी स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और लंबे समय तक मेहनत कर योजना के कार्य को पूरा किया। आबादी क्षेत्र का सर्वेक्षण, अभिलेख तैयार करना और खसरा-नक्शा तैयार करने जैसे महत्वपूर्ण कार्य पटवारियों ने पूरी निष्ठा के साथ किए। पटवारियों का कहना है कि, जब योजना के तहत आवश्यक अभिलेखीय कार्य पूर्ण हो चुका है, तब वर्तमान रजिस्ट्री प्रक्रिया में उन्हें 'निष्पादक' बनाकर ऐसी कानूनी जिम्मेदारी में डालना उचित नहीं है, जिसमें भविष्य में किसी विवाद की स्थिति में व्यक्तिगत जवाबदेही तय होने का अंदेशा बना रहे। पटवारियों को सबसे बड़ी चिंता कानूनी जवाबदेही की है। वह ऐसी प्रक्रिया का हिस्सा नहीं बनना चाहते जिसमें भविष्य में कोई विवाद, जांच आदि का मामला सामने आए।

आक्रोशित परिजनों और जनप्रतिनिधियों ने अस्पताल परिसर में हंगामा किया

जिला अस्पताल में डिलीवरी के बाद प्रसूती की मौत पर बवाल, परिजनों ने अस्पताल में धरना-प्रदर्शन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

जिला अस्पताल की प्रसूति विंग में स्वास्थ्य कर्मियों की कथित संवेदनहीनता और लापरवाही के चलते एक नवविवाहिता की जान चली गई। पहली डिलीवरी के दौरान स्वस्थ बच्चे को जन्म देने के कुछ ही घंटों बाद अत्यधिक रक्तस्राव से 19 वर्षीय अमरीबाई तंवर की मौत हो गई। इस घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और जनप्रतिनिधियों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा करते हुए धरना दिया। प्रशासनिक अधिकारियों के निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई के लिखित आश्वासन के बाद ही मामला शांत हुआ।

क्या है पूरा मामला?

अमेरपुरा निवासी दिनेश तंवर की 19 वर्षीय पत्नी अमरीबाई को शनिवार रात प्रसव पीड़ा होने पर जिला अस्पताल के मेटर्नल एंड चाइल्ड हेल्थ वार्ड में भर्ती कराया गया था। देर रात महिला ने सामान्य प्रसव (नॉर्मल डिलीवरी) के जरिए एक स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। बच्चे के जन्म के बाद परिवार में खुशी का माहौल था, लेकिन कुछ ही देर में प्रसूता को अत्यधिक रक्तस्राव (पोस्टपार्टम हैमरेज) होने लगा। रविवार तड़के करीब 3 बजे महिला ने तड़पते हुए दम तोड़ दिया।

परिजनों के गंभीर आरोप, पैसा मांगा, ब्लीडिंग की शिकायत पर भगा दिया

मृतका की सास धापूबाई और परिजनों ने ड्यूटी पर तैनात नर्सिंग स्टाफ पर गंभीर आरोप लगाए हैं, लापरवाही और अनदेखी, परिजनों का कहना है कि प्रसव के बाद जब लगातार ब्लीडिंग हो रही थी, तब उन्होंने कई बार ड्यूटी रूम में जाकर स्टाफ को सूचना दी। आरोप है कि स्टाफ ने मरीज को देखने के बजाय परिजनों को डांटकर भगा दिया।

स्टाफ ने की रिश्वत की मांग

परिजनों ने आरोप लगाया कि डिलीवरी के समय स्टाफ द्वारा पैसों की मांग की गई थी। पैसे देने में आनाकानी और देरी के चलते प्रसूता के इलाज में जानबूझकर लापरवाही बरती गई, जिससे समय पर इलाज न मिलने से उसकी मौत हो गई।

अस्पताल परिसर में धरना पूर्व विधायक भी पहुंचे

घटना की जानकारी मिलते ही सुबह अस्पताल में भारी भीड़ जमा हो गई। परिजनों ने शव को उठाने से इनकार करते हुए अस्पताल परिसर में धरना शुरू कर दिया। पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर और हेमराज कल्पोनी भी मौके पर पहुंचे और परिजनों के साथ धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने दोषी डॉक्टरों व नर्सिंग स्टाफ पर गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज कराने और सेवा से बर्खास्त करने की मांग की।

प्रशासन का दखल और कार्रवाई का आश्वासन

स्थिति बिगड़ती देख एसडीएम निधि भारद्वाज, तहसीलदार और कोतवाली टीआई पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे। एसडीएम ने परिजनों और जनप्रतिनिधियों से वार्ता की, घटना की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच के लिए मेडिकल बोर्ड और प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित की गई है।' जांच में दोषी पाए जाने वाले स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ तत्काल विभागीय व वैधानिक कार्रवाई का भरोसा दिया गया।प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से त्वरित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की बात कही गई।प्रशासनिक आश्वासन और समझाइश के बाद परिजनों ने धरना समाप्त किया। पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव का डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमॉर्टम कराया और अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

खरीफ 2026 में सोयाबीन के लिए लागू भावांतर भुगतान योजना

जिले में 91 केंद्रों पर 17 अक्टूबर तक होगा मुफ्त पंजीयन, मंडियों में किसानों की होगी वीडियोग्राफी



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

खरीफ 2026 में सोयाबीन के लिए लागू भावांतर भुगतान योजना को पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने जिला क्रियान्वयन समिति और मंडी सचिवों की समीक्षा बैठक लेकर स्पष्ट निर्देश दिए कि योजना के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जिले में प्राथमिक कृषि साख सहकारी एवं विपणन समितियों के माध्यम से 91 पंजीयन केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहाँ 17 अक्टूबर 2026 तक किसानों का निःशुल्क पंजीयन किया जाएगा।

केवल मंडी में बेचने पर ही मिलेगा लाभ

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि योजना का लाभ लेने के लिए पंजीकृत किसानों को अपनी उपज कृषि उपज मंडी या निर्धारित उपमंडी प्रांगण में ही बेचनी होगी। एमपी फार्म गेट ऐप अथवा सौदा पत्रक के माध्यम से किए गए विक्रय पर योजना का लाभ नहीं मिलेगा। उपज बिकने के बाद भावांतर की राशि सीधे किसान के आधार-लिंक्ड बैंक खाते में ऑनलाइन भेजी जाएगी।

फर्जीवाड़े पर रोक के कड़े इंतजाम

ई-मंडी पोर्टल व वीडियोग्राफी, मंडी में प्रवेश के समय किसान का पंजीयन व वाहन क्रमांक दर्ज होगा और प्रत्येक पंजीकृत किसान की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। सत्यापित तौल कांटे, तुलाई में गड़बड़ी रोकने के लिए नापतौल विभाग से प्रमाणित शत-प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक कांटों का ही उपयोग होगा। मॉडल रेट का प्रदर्शन, रोजाना तय होने वाला मॉडल रेट मुख्य द्वार, नीलामी शेड और विश्रामगृह पर चस्पा किया जाएगा और अवैध बिक्री पर निगरानीसीमावर्ती मंडियों में दूसरे राज्यों या जिलों से लाई गई उपज और पुरानी सोयाबीन की दोबारा बिक्री रोकने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

24 घंटे चालू रहेगा हेल्प डेस्क

किसानों की सहायता और शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए प्रत्येक मंडी में 24 घंटा 7 दिन कंट्रोल रूम व हेल्प डेस्क सक्रिय रहेगा, जहां प्राप्त शिकायतों का निराकरण 24 घंटे के भीतर किया जाएगा। कलेक्टर ने मंडियों में पेयजल, कृषक विश्रामगृह, प्रकाश व्यवस्था और सुचारू पार्किंग सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

योजनाओं के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए

'सरकार आपके द्वार' शिविर आयोजित किया, 65 आवेदनों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

सेवा सेतु अभियान 'सरकार आपके द्वार' के तहत रविवार, 4 अक्टूबर को मांगलिक भवन खुजनेर में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ विधायक अमर सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष केदार काका, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पंकज शर्मा, मंडल अध्यक्ष सुरेश दागी सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर किया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहां नागरिकों से संबंधित समस्याओं और योजनाओं के आवेदन प्राप्त किए गए। राजस्व, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य,



नगरीय प्रशासन सहित अन्य विभागों के अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनका निराकरण किया। इस दौरान पीएम स्वनिधि योजना के तहत क्रेडिट कार्ड एवं ऋण, प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन और नामांतरण सहित विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए।

टीबी मरीजों को फूड बास्केट भी प्रदान की गई।विधायक अमर सिंह यादव ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से सेवा सेतु अभियान के तहत 'सरकार आपके द्वार' शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।शिविर में कुल 65 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका मौके पर ही निराकरण किया गया।

इस अवसर पर पार्षद लोकेंद्र यादव, मुकेश यादव, प्रेम राजपूत, इलियास, मुकेश शर्मा, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता, एल्डरमैन अरविंद गुप्ता सहित तहसीलदार नित्यानंद पाण्डेय, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कृष्णकांत शर्मा, बीएमओ डॉ. एस.के. मित्तल, पीओ छाया भारद्वाज, विद्युत मंडल जेई रवि बड़ोने सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

नगर परिषद में सेवा सेतु स्वास्थ्य व जनसमस्या निवारण शिविर संपन्न

गरीबों को पक्की छत व मुफ्त इलाज दे रही केंद्र सरकार: विधायक

कुरावर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर चल रहे सेवा पखवाड़े के तहत रविवार को सुबह 11 बजे नगर परिषद परिसर में सेवा सेतु स्वास्थ्य एवं जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन नगर परिषद द्वारा किया गया।

शिविर में नगर के विभिन्न वार्डों से बड़ी संख्या में हितग्राही पहुंचे और अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। इनमें नाली निर्माण, पानी निकासी, राशन पर्ची, प्रधानमंत्री आवास सहित नगर परिषद से संबंधित समस्याएं शामिल रहीं। वहीं राजस्व विभाग से जुड़े नामांतरण और बंटवारे के कुछ प्रकरण भी सामने आए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक



मोहन शर्मा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब वर्ग को पक्की छत देने के साथ आयुष्मान कार्ड के माध्यम से लाखों रुपए तक का निशुल्क उपचार उपलब्ध कराने का काम किया है। अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर का निर्माण, कश्मीर से धारा 370 हटाना, आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सहित अनेक ऐतिहासिक निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लिए गए हैं।

कार्यक्रम प्रभारी एवं पूर्व विधायक राज्यवर्धन सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष बृजकिशोर मीणा, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई तथा नगर परिषद अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी ने भी संबोधित किया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी समंदर सिंह चैहान ने नगर परिषद द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

इस अवसर पर नायब तहसीलदार सुनीता कुमारी, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. राजेंद्र अहिरवार, थाना प्रभारी जितेंद्र मवई, नगर परिषद अध्यक्ष बादाम बाई, सांसद प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सदस्य राधेश्याम पचवरिया, मंडल महामंत्री लखन राजपूत, रामेश्वर नायक, पार्षद बद्रीलाल कुशवाहा, राजू मीणा, रमेश मालवीय सहित अन्य हितग्राही एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



शिविर में 248 आवेदन प्राप्त, हितग्राहियों को वितरित किए गए प्रमाण-पत्र

राजगढ़। सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार के अंतर्गत रविवार को जनपद पंचायत राजगढ़ का ब्लॉक स्तरीय शिविर मंगल भवन राजगढ़ में आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी- कर्मचारियों द्वारा उपस्थित नागरिकों की समस्याओं एवं आवेदनों को सुना गया तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने की कार्यवाही की गई।शिविर में कुल 248 आवेदन प्राप्त हुए। साथ ही योजनाओं के तहत लाभान्वित हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, देवीसिंह, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि फूलसिंह तंवर, दीपक शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू, सचिन मौर्य, शिवनारायण तंवर, महेश सेन, आशीष जोशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत राजगढ़, श्री गोयल, तहसीलदार राजगढ़ तथा विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

तिरंगा मित्र मंडल ने गो सेवकों का सम्मान किया, विधायक मौजूद रहे



जीरापुर। तिरंगा मित्र मंडल बुधवारिया बाजार द्वारा 10 दिवसीय गणेशोत्सव विगत 35 वर्षों से मनाया जा रहा है। जिसमें विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित कर गणेश जी की पूजा अर्चना की जाती है। मेड़तवाल समाज धर्मशाला में गणेशोत्सव समापन पर गो सेवकों का सम्मान एवं सहभोज रखा गया। जिसमें क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी,भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष दिनेश पुरोहित, बलराम टांक, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह सहित तिरंगा मित्र मंडल के सदस्यों द्वारा सिद्धि विनायक गोशाला के सेवादारो का सम्मान तिलक , वस्त्र प्रदान कर किया , सिद्धिविनायक गोशाला समिति जो निस्वार्थ भाव से नगर में विचरण कर रही बेसहारा , दुर्घटना ग्रसित गोवंश के संरक्षण से लेकर उपचार भोजन पानी की उचित व्यवस्था उनका पालन पोषण करती है , लगभग 30 सदस्यों के द्वारा गोशाला में सेवा दी जाती है। विधायक हजारीलाल दांगी ने तिरंगा मित्र मंडल की सराहना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समिति सदस्यों ने सम्मिलित होकर प्रसाद ग्रहण किया।

पूर्व विधायक ने अस्पताल पहुंचाया

पत्नी के नहीं आने से नाराज पति ने बस स्टैंड के पास जहर खाया



सारंगपुर। पति-पत्नी के बीच विवाद के बाद रविवार दोपहर एक युवक ने बस स्टैंड के समीप जहरीला पदार्थ खा लिया। जानकारी के अनुसार ईंचिवाड़ा निवासी मनीष पिता कालूराम अहिरवार (28) रविवार को अपने गांव से सारंगपुर आया था। इस दौरान उसने मोबाइल पर पत्नी से बात की। बातचीत के दौरान दोनों के बीच कहासुनी हो गई।

पत्नी के उसके पास नहीं आने से नाराज युवक ने दोपहर करीब 2 बजे बस स्टैंड के पास जहरीला पदार्थ खा लिया। जहर खाने के बाद मनीष पास ही एक पेड़ के नीचे बैठकर उल्टियां करने लगा। कुछ देर बाद उसके परिजन मौके पर पहुंचे और तबीयत खराब होने का कारण पूछा। युवक ने परिजनों को बताया कि उसने जहरीला पदार्थ खा लिया है। कारण पूछने पर उसने पत्नी के साथ विवाद और पत्नी के उसके पास नहीं आने की बात बताई। घटना के दौरान पास की एक दुकान पर मौजूद कांग्रेस के पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय की नजर युवक पर पड़ी। उन्होंने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल डायल 112 को सूचना दी। पुलिस की मदद से युवक को उपचार के लिए सारंगपुर के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। सिविल अस्पताल में डॉक्टर मनीष चैहान ने युवक का प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे बेहतर उपचार के लिए शाजापुर रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उसे लेकर शाजापुर रवाना हुए। खबर लिखे जाने तक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही थी।

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में दो दिवसीय 'सेवा सेतु अभियान' का आयोजन



सारंगपुर। मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में 3 एवं 4 अक्टूबर को 'सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार' के तहत दो दिवसीय विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्राओं एवं स्थानीय नागरिकों को केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मौके पर ही दिलाना और प्रशासनिक सेवाओं को सुगम बनाना रहा। अभियान के प्रथम दिन 3 अक्टूबर को उच्च शिक्षा विभाग की प्रमुख योजना 'गांव की बेटी योजना' के संबंध में महाविद्यालय की पात्र छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही योजना से संबंधित आवेदनों की प्रक्रिया पूरी कर उनका त्वरित निस्तारण किया गया। वहीं 4 अक्टूबर को मांगलिक भवन, सारंगपुर में विशेष विभागीय स्टॉल लगाए गए। यहां कंप्यूटर ऑपरेटरों की सहायता से छात्राओं एवं स्थानीय नागरिकों को विभिन्न डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराई गईं तथा पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का ऑन-द-स्पॉट लाभ दिलाने की प्रक्रिया पूरी की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. संगीता गुप्ता, डॉ. अरुणा सोलंकी, डॉ. भाविक वोरा, श्री धर्मेंद्र खेरवार सहित प्राध्यापकगण, कंप्यूटर ऑपरेटर, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

एसडीएम और एसडीओपी को दी विदाई

नागरिक अभिनंदन, जहां भी रहूंगा सारंगपुर याद आएगा: एसडीओपी सिंह



सारंगपुर। शासकीय सेवा में स्थानांतरण एक सहज प्रक्रिया है, लेकिन अधिकारी अपने कार्य और व्यवहार से जनता के दिलों में जगह बना लें तो विदाई के क्षण भावुक हो जाते हैं।

सारंगपुर में तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण कर स्थानांतरित हुए एसडीओपी अरविंद सिंह एवं करीब दो वर्ष तक एसडीएम रहे रोहित बम्हौरे के सम्मान में नगरवासियों द्वारा नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में दोनों अधिकारियों का शाल, श्रीफल एवं पारंपरिक साफा पहनाकर सम्मान किया गया। इस दौरान एसडीओपी अरविंद्र सिंह ने कहा कि सारंगपुर में तीन वर्ष का कार्यकाल कब पूरा हो गया, पता ही नहीं चला। यहां की जनता से मिला स्नेह और सहयोग हमेशा याद रहेगा। उन्होंने कहा, "मैं जहां भी रहूंगा, सारंगपुर सबसे पहले याद आएगा और यहां की यादें हमेशा दिल में रहेंगी।"

उल्लेखनीय है कि सिंह का स्थानांतरण भोपाल के हनुमानगंज में एसीपी के रूप में हुआ है। राजगढ़ संयुक्त कलेक्टर के रूप में स्थानांतरित हुए पूर्व एसडीएम रोहित बम्हौरे ने कहा कि सारंगपुर में विकास की अपार संभावनाएं हैं। कार्यक्रम में माली समाज जिलाध्यक्ष संतोष पुष्पद ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन पूर्व नपाध्यक्ष प्रतिनिधि प्रमोद सदानी ने किया। आभार गिरीश जोशी ने माना। समारोह में प्रदीप जैन, शफीक अंसारी, कैलाश टेलर, सत्यनारायण वैष्णव, किशोर पुष्पद, सजन सोनी, सुनील धनगर, नवीन रुण्डवाल सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

16 दिवसीय रामलीला का मंचन का कल से होगा श्री गणेश

54 वर्ष में प्रवेश करते नारद मोह से प्रथम दिवस लीला प्रारंभ होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर



नगर ही नहीं अपितु आसपास ग्रामीण क्षेत्र में अपनी विशेष अनुपम प्रसिद्ध लिए विगत 53 वर्षों से मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के चरित्र का मंचन श्री गणेश आदर्श रामलीला मंडल के स्थानीय कलाकार निशुल्क सेवा भाव एवं अपने नित्य कार्य के अलावा समय देकर उत्कृष्ट प्रस्तुति के साथ रामलीला करते आ रहे हैं। मंगलवार से रामलीला का मंचन नगर में इस मंडल द्वारा 54 वर्ष में प्रवेश करते हुए प्रथम दिवस नारद मोह की लीला से प्रारंभ होगा। यह 16 दिवसीय आयोजन अनेकों प्रकार की अपनी अनुठी पहचान लिए होती है। श्री गणेश आदर्श रामलीला मंडल के स्थानीय कलाकार जो कि लगभग 40 सदस्य विगत 1 माह से संवाद कला का सृजन कर (रिहर्सल) करके रामलीला मंचन को आकर्षक संवाद, युद्ध, नृत्य, संगीत, रामचरितमानस की चैपाइयों के साथ प्रदर्शित करेंगे।

गेस के उजाले से शुरू वर्तमान में विधुत डेकोरेशन पर: रामलीला मंचन की मुख्य विशेषता यह रही की जब नगर में रामलीला की शुरुआत हुई थी तो गैस के उजाले में बिजली के अभाव में स्थानीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालु भक्त आनंद लेते थे।जो वर्तमान में रामलीला में आने वाली भेंट के माध्यम से ही आधुनिक रूप से बिजली की चकाचैंध एवं समस्त कलाकारों द्वारा आकर्षक श्रृंगार एवं वेशभूषा के साथ आदर्शता लिए हुए मंचन किया जावेगा , जो एक अनुकरणीय संदेश भक्तों को देता है।

युवा ही नहीं बुजुर्ग भी जिम्मेदारी से सेवाएं देते

मंडल में अध्यक्ष दिनेश पुरोहित , संरक्षक विधायक हजारीलाल दांगी , पूर्व नपाध्यक्ष गोकरण वर्मा, उपाध्यक्ष अर्जुनसिंह मण्डलोई पटेल , गिरीराज जुलानिया , सचिव सेवानिवृत शिक्षक मोहनलाल पुष्पद , संचालक सबसे वयोवृद्ध सेवानिवृत शिक्षक बीएन आचार्य , सहसचिव प्यारेलाल चैहान , कार्यालय सचिव महेश राठौर , कोषाध्यक्ष अशोक सेन , परामर्शदाता पं. श्यामसुंदर शर्मा , ओमप्रकाश सेन , दिनेश तिवारी शिक्षक सहित यह स्थानीय कलाकार निशुल्क सेवा प्रदान करते हैं।इनमें 76 वर्षिय सेवानिवृत शिक्षक मोहनलाल पुष्पद मंच संचालन के साथ-साथ विभिन्न पात्र की भुमिकाएं निभाते हुए अपनी सेवाएं देते हैं वहीं मंडल के सदस्य एवं नगर के विभिन्न समाजसेवी श्रद्धालु भक्त भेंट स्वरूप आर्थिक रूप से सहयोग करते हुए भारतीय संस्कृति की इस परम्परा का बखूबी निर्वहन करवाने में अपना योगदान देते हैं, वही यह सभी कलाकार एवं मंडल के कार्यकारिणी सदस्य तन मन धन से लगन एवं मेहनत से रामलीला को अविश्ववरणीय रूप देते आ रही है।

कोई भी योजना से वंचित न रहे: यादव



सुठालिया। रविवार को नगर परिषद में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव ने कहा कि सरकार की मंशा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।उन्होंने कहा कि यदि कोई छूट गया है तो वो आवेदन करे, उसको तुरंत लाभ मिलेगा। ये सरकार की,पार्टी की और हमारे जनप्रतिनिधियों कि मंशा है कोई भी हितग्राही किसी भी सरकारी योजना से वंचित न रहे, उनको लाभ मिलना चाहिए। श्री यादव ने कहा कि सरकार ने बजट में कोई कमी नहीं रखी है। सरकार ने बजट युवाओं महिलाओं के लिए और किसानों के लिए प्रावधान किया है और राशि भी मुहैया कराई जा रही है। उन्होंने उपस्थित जनों से अपील करते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति योजनाओं से वंचित रह गया है, वह आगे आए, आवेदन करे, उसे लाभ दिलाया जाएगा। कोई भी आदमी छूटने न पाए।कुछ दिनों पूर्व मृत हुए लोगों के परिजनों को दो लाख रु की राशि एवं प्रधानमंत्री योजना के हितग्राहियों को लोन आदि के लिए स्वीकृत की राशि के स्वीकृति पत्र वितरित। नप अध्यक्ष प्रतिनिधि गिरराज लोधी पार्षद आकाश अग्रवाल गोपाल भिलाला पार्षद प्रतिनिधि ओम पालीवाल मनोज शर्मा शिव पंवार दिनेश वर्मा मंडल अध्यक्ष श्याम सोंधिया भगीरथ धनगर कामेश नामदेव सीएमओ अनिल जोशी आदि मौजूद रहे।